**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**11.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे**

**मुख्य समाचार**

- चार दिवसीय राज्य स्तरीय हरोली उत्सव का आज होगा आगाज। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू करेंगे विधिवत शुभारंभ।

- प्रदेश उच्च न्यायालय ने विधानसभा सदस्यता से अयोग्य करार दिए गए सभी विधायकों की पैंशन एरियर सहित बहाल करने के दिए आदेश।

- केंद्र सरकार के वीबीजी राम जी मिशन के तहत ऊना जिला ने श्रमिकों के डिजिटल ईकेवाईसी में हासिस किया 99 प्रतिशत का लक्ष्य।

  और

- मौसम विभाग ने प्रदेश में फिर से वर्षा, बर्फबारी व आंधी–तूफान की जताई संभावना।

अब समाचार विस्तार से :

**हरोली उत्सव**

ऊना जिला का चार दिवसीय राज्य स्तरीय हरोली उत्सव आज से शुरू होगा। 14 अप्रैल तक आयेजित किए जा रहे इस उत्सव के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। हरोली उत्सव का शुभारंभ आज शाम पांच बजे मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू करेंगे। वे बस अड्डा हरोली से आयोजन स्थल तक आयोजित होने वाली भव्य शोभायात्रा की अगुवाई के उपरांत हरोली मैदान, रोड़ा में समारोह का विधिवत उद्घाटन करेंगे। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री उनके इस साथ मौजूद होंगे। हरोली उत्सव के दौरान सांस्कृतिक संध्याओं के अलावा विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा। इस दौरान गौवंश व भैंसों की उत्तम नस्लों का प्रदर्शन भी किया जाएगा ताकि क्षेत्र की संस्कृति में इन नस्लों के महत्व को रेखांकित किया जा सके व पशुपालकों को उत्तम नस्ल के पशुपालन के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।

**मुख्यमंत्री**

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज ऊना जिला के प्रवास के दौरान हरोली के पोलियां में राष्ट्रीय महत्व की बल्क ड्रग पार्क परियोजना के साइट विकास और अवसंरचना कार्यों की आधारशिला रखेंगे। इस पर 250 करोड़ रुपये व्यय किए जाएंगे। मुख्यमंत्री पंजुआना में 8 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले वर्किंग महिला होस्टल का भी शिलान्यास करेंगे। इस मौके पर उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री तथा उद्योग एवं संसदीय मामले मंत्री हर्षवर्धन भी उनके साथ मौजूद रहेंगे। गौरतलब है कि दो हजार करोड़ रुपये की लागत से विकसित हो रहा यह एक हजार चार सौ पांच एकड़ में विस्तारित औद्योगिक परिसर एक्टिव फार्मास्यूटिकल इन्ग्रेडिएंट्स के निर्माण में भारत को वैश्विक मंच पर सशक्त करेगा।

**उच्च न्यायालय**

हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने विधानसभा सदस्यता से अयोग्य करार दिए गए सभी विधायकों को एक महीने के भीतर पैंशन और एरियर जारी करने के आदेश दिए हैं। अदालत ने इस संबंध में दायर याचिका पर सुनवाई करते

हुए ये आदेश दिए। अदालत ने याचिका का निपटारा भी कर दिया। हाईकोर्ट द्वारा विधानसभा सचिव को दिए गए निदेशों में अयोग्य करार दिए गए सभी विधायकों को एक महीने के भीतर एरियर सहित पैंशन और अन्य देय राशि जारी करने को कहा गया है। आदेशों में ये भी कहा गया है कि यदि इन पूर्व विधायकों को निर्धारित समय अवधि के भीतर पैंशन और एरियर जारी नहीं किया जाता है तो विधानसभा सचिव उन्हें संबंधित राशि 6 प्रतिशत ब्याज की दर से देने के लिए जिम्मेवार होंगे।

**भाजपा**

इस बीच नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने विधानसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराए गए विधायकों की पैंशन समाप्त करने के लिए सरकार द्वारा विधानसभा में लाए गए कानून को हाईकोर्ट द्वारा रद्द करने के फैसले का स्वागत किया है।

दूसरी ओर भाजपा के मुख्य प्रवक्ता व विधायक राकेश जम्वाल ने कहा है कि अयोग्यता के आधार पर सरकार द्वारा विधायकों की पैंशन रोकना असंवैधानिक है क्योंकि दल–बदल कानून में ऐसा कोई प्रावधान नही है।

**हर्षवर्धन**

इधर संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने प्रदेश उच्च न्यायालय के के फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार अदालत के फैसले का अध्ययन करेगी और इसके बाद आगे का निर्णय लिया जाएगा। हर्षवर्धन चौहान ने शिमला में कहा कि सरकार ने दल–बदल और क्रॉस वोटिंग रोकने के लिए ही पैंशन से जुड़ा नया कानून लाया है। उन्होंने कहा कि ये कानून किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं है। संसदीय कार्यमंत्री ने कहा कि राज्यसभा चुनाव के दौरान हुई क्रॉस वोटिंग जैसी घटना प्रदेश के इतिहास में पहले कभी नहीं देखी गई।

**वीबीजी राम जी–केवाईसी**

केंद्र सरकार द्वारा विकसित भारत– गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) वीबीजी–राम–जी के तहत काम करने वाले श्रमिकों के लिए डिजिटल केवाईसी अनिवार्य कर दी गई है। यह प्रक्रिया जॉब कार्ड की सत्यता जांचने, फर्जी नामों को हटाने और सीधे बैंक खाते में भुगतान सुनिश्चित करने के लिए की जा रही है। इसके लिए नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम ऐप के माध्यम से ग्राम रोजगार सहायक, मेट या सुपरवाइजर कार्यस्थल पर ही श्रमिक की लाइव सेल्फी लेकर आधार डेटाबेस से मिलान करते हैं। ऊना जिला में इस योजना के तहत 38 हजार 994 कामगारों में से 37 हजार 953 कामगारों की उनके आधार नंबर से डिजिटल इकेवाईसी करके 99 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया गया है।

**अधिक ब्यौरे हमारे ऊना जिला संवाददता से.....**

*ऊना जिला में वीबीजी राम जी योजना के तहत पंजीकृत 38 हजार 994 कामगारों में से 37 हजार 953 कामगारों की उनके आधारकार्ड से उनके ई केवासी करके 99 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया गया है इसके अलावा जिले के 229 ग्राम पंचायत में से 55 पंचायतों में इन श्रमिकों की हाजरी चेहरे से स्केन करने वाली ऑथेटिकेशन वाली मशीन माध्यम से दर्ज की जा रही है वित्त वर्ष 2022–23 से अब तक इस योजना के तहत 94 प्रतिशत के लक्ष्य के विकासकार्य प्राप्त किए जा चुके है श्रमिकों की ई केवाईसी होने से न केवल कार्य दिवस का भुगतान करने में पारदर्शिता आ रही है न केवल कार्य का भुगतान करने में भी सुलभ हो रहा है आकाशवाणी के लिए ऊना से मैं राजेश शर्मा।*

**आरबीआई–उत्कर्ष 2029**

भारतीय रिज़र्व बैंक ने अप्रैल 2026 से मार्च 2029 की अवधि के लिए अपना मध्यम–अवधि के लिए रणनीति रूपरेखा उत्कर्ष 2029 जारी की है। इस रूपरेखा का उद्देश्य संस्था में व्यावहारिक उत्कृष्टता लाना है। एक बयान में आरबीआई ने कहा कि इस रूपरेखा में छह रणनीतिक स्तंभ शामिल हैं, जिनके शीर्षक हैं 'मजबूत नियमन', 'ग्राहक

केंद्रितता और समावेशी वित्त', 'प्रतिस्पर्धी बाजार', 'प्रभावी प्रौद्योगिकी', 'भविष्य के लिए तैयार संगठन' और 'वैश्विक भारत'। आरबीआई ने कहा है कि प्रत्येक स्तंभ में व्यापक, दूरदर्शी और मध्यम–अवधि के 49 लक्ष्य शामिल हैं, जिनमें नियमन, समावेशन, बाजार विकास, प्रौद्योगिकी, संगठनात्मक क्षमता और वैश्विक एकीकरण शामिल हैं। इसके अनुसार, आरबीआई मुद्रा प्रबंधन का आधुनिकीकरण करने और अधिक कुशल सीमा–पार भुगतान के लिए केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा–सीबीडीसी का विस्तार करने की योजना बना रहा है। इसका उद्देश्य एकीकृत ऋण इंटरफ़ेस–यूएलआई को व्यापक बनाना है ताकि ऋण तक पहुंच बढ़ाई जा सके और वित्तीय क्षेत्र में एआई और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों के लिए नियामक ढांचे को मजबूत किया जा सके।

**शांडिल**

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों का विकास ही आत्मनिर्भर हिमाचल का आधार है। कल सोलन विकास खण्ड के तहत नवसृजित ग्राम पंचायत धार बखूना के शुभारम्भ के मौके पर उन्होंने कहा कि इस नई पंचायत के बनने से क्षेत्र के विकास में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल, बेहतर सड़कें, सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं, अच्छी शिक्षा, निर्बाध बिजली और इंटरनेट जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना है।

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग द्वारा जारी ताजा पूर्वानुमानों में कहा गया है कि 15 अप्रैल से हिमालय क्षेत्र में ताजा पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इसके प्रभाव से राज्य में फिर से वर्षा, बर्फबारी, अंधड़ और आंधी तूफान की सम्भावना है। विभाग ने 15 और 16 अप्रैल को इसके लिए यलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने आज राज्य के 5 जिलों चम्बा, कांगड़ा, कुल्लू, मण्डी और शिमला में अलग–अलग स्थानों पर 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने, अंधड़ और आसमानी बिजली गिरने का यलो अलर्ट जारी किया है। 13 और 14 अप्रैल को राज्य में मौसम के साफ बने रहने की सम्भावना है। प्रदेश में हुई वर्षा और बर्फबारी से जनजातीय और मध्यम उंचाई वाले इलाकों में लोगों को अभी भी कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ रहा है।

इस बीच मौसम में आए इस बदलाव से सेब तथा गुठलीदारा फलों तथा मटर और गेहूं की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। किसानों व बागवानों ने इस देखते हुए मदद की मांग की है।

*मेरा नाम शिवपाल जम्वाल मैं डोडरा क्वार फ्लावरिंग हो रही थी खराब मौसम की बजह से सारा खत्म हो गया ऑले गिर रहे है सेब खत्म रोजी रोटी, ऑले ने जला दिया, सेब, पलम्प आडू फलफ्रूट जो थे सब खत्म कर दिया मौसम ने मैं श्यामलाल शर्मा चौपाल सर्दियों में बर्फबारी न होने से बेमौसमी बर्फ पढ़ने गिरने से बहुत ज्यादा नुकसान हुआ क्योंकि बीच में मौसम एक दम गर्म हो गया था जिसे फ्लावरिंग पिंगवर्ड निकलने लग गए थे मौसम इस कदर चैंज हो गया है की बागवानों को बहुत ज्यादा नुकसान हुआ है और इस नुकसान की भरपाई होना बहुत मुश्किल है।*

**अब एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर.....**

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने भाजपा में शामिल पूर्व विधायकों की बकाया पैंशन जारी करने की खबर को प्रमुखता दी है। पंजाब केसरी की सुर्खी है–**कांग्रेस से भाजपा में शामिल पूर्व विधायकों की बकाया पैंशन एक माह के भीतर जारी करने के आदेश।** दैनिक जागरण के लिखता है–**अयोग्य ठहराए विधायकों की पैंशन बहाल करें।** दिव्य हिमाचल के शब्द हैं–**पूर्व विधायकों की पैंशन बहाल।**

अमर उजाला की सुर्खी है–**सुनवाई से पहले स्वास्थ्य सचिव के छुट्टी जाने पर हाईकोर्ट नाराज, रिकॉर्ड तलब।**

हिमाचल दस्तक लिखता है– **कांग्रेस वर्किंग कमेटी में शामिल हुए मुख्यमंत्री–आज दिल्ली से पहुंचेगे ऊना।** इसी अखबार की अन्य खबर है–**केंद्र और एनडीबी से बातचीत के बाद कैबिनेट में होगा शिमला रोपवे पर फैसला।**

**"अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर"**

- चार दिवसीय राज्य स्तरीय दिवसीय हरोली उत्सव का आज होगा आगाज। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू करेंगे विधिवत शुभारंभ।
- प्रदेश उच्च न्यायालय ने विधानसभा सदस्यता से अयोग्य करार दिए गए सभी विधायकों की पैंशन एरियर सहित बहाल करने के दिए आदेश।
- केंद्र सरकार के वीबीजी राम जी मिशन के तहत ऊना जिला ने श्रमिकों के डिजिटल ईकेवाईसी में हासिस किया 99 प्रतिशत का लक्ष्य।
- मौसम विभाग ने प्रदेश में फिर से वर्षा, बर्फबारी व आंधी–तूफान की जताई संभावना।

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं सुबह 11 बजे नमस्कार।

——————————